<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति दो हजार पचीस को लेकर दिये कई अहम निर्देश। कहा–राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी यह प्रस्तावित नीति।
- भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने लखनऊ के इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में आए बच्चों से किया संवाद। परिवारजनों के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल आनंदी पटेल से भी की मुलाकात।
- आज से शुरू हो रहा है दस दिवसीय गणेश उत्सव। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं। पर्यावरण संरक्षण के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।
- जम्मू–कश्मीर में भारी वर्षा के कारण श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर कल हुए भूस्खलन में प्रदेश के एक युवक सहित छह लोगों की मौत। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति दो हजार पचीस के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने इस प्रस्तावित नीति के सम्बन्ध में कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के संकल्प को मजबूती देने के साथ साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यह न केवल विदेशी निवेश आकर्षित करेगी, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू मूल्य संवर्धन और विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायक होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ दो हजार पचीस का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने एमएसएमई यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उद्यमियों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल का यह मॉडल आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेगा।

***विकसित भारत की संकल्पना के साथ हर व्यक्ति हर संस्था भी अपना योगदान दे सकें उसके लिए आवश्यक है कि हर युवा के हाथ को उसकी योग्यता के अनुसार कार्य मिल जाए। यह सब संभव हो पाया है आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में और इसी के लिए प्रधानमंत्री जी ने कहा वोकल फॉर लोकल वह यूनिट जो लोकल स्तर पर प्रोडक्शन कर रही है और जिसमें लोकल स्तर पर नौजवानों को उसकी योग्यता के अनुसार कार्य भी मिल रहा है। ये मॉडल आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेगी और आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश तैयार करना होगा और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश ही एक विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला बनेगी।***

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ दो हजार पचीस कल तक चलेगा।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राज्यपाल ने मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी को गांव, किसान और युवाओं तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की तरफ से एक या दो गांवों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई लैब बनाई जाए, जिससे ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे भी तकनीक से प्रशिक्षित हो सकें।

***एक मेरी रिक्वेस्ट है यूनिवर्सिटी को की जब एआई के माध्यम से आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग इतना बड़ा उपयोग हो रहा है।बच्चे भी सीख रहे हैं कहीं ना कहीं तो ये यूनिवर्सिटी कोई एक गाँव में या दो गाँव में ऐसी लैब बनाए जो अभी से थोड़ा थोड़ा ज्ञान एआई के बारे में उसको हो और हमारे जो छात्र है जो इसमें एक्सपर्ट है वे लोग वहाँ जाकर उसको सिखाए अभी।***

इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने अपील की कि विश्वविद्यालय से निकलने वाले विद्यार्थी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कल लखनऊ के डालीगंज स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला का अवलोकन किया। प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शुभांशु ने नक्षत्रशाला में शो देखने आए बच्चों से संवाद किया और उन्हें भविष्य में अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल भी पहुंचे। उन्होंने वहां बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया और अपने अनुभव भी साझा किए।

***बहुत अच्छा लग रहा है वापस आके और स्पेशली अच्छा लग रहा है की जिन टीचर से हम लोग डरते थे आज उनको डांस करते हुए देख रहा हूँ तो बहुत मजा आ रहा है ये देख के समय बदल गया है तो बहुत बहुत ही अच्छी फीलिंग है बहुत फैमिलियर है यही क्लास रूम से जिसमें मैंने पढ़ाई की है और वापस आके बहुत अच्छा लग रहा है फील्स लाइक कमिंग बैक होम थैंक यू।***

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने परिवारजनों के साथ राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट भी की। इस अवसर पर लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के बीच वैज्ञानिक नवाचार के प्रसार के लिए समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।

**********

आज से दस दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। इसे लेकर प्रदेश में जगह–जगह व्यापक तैयारियां की गई हैं। लखनऊ में कई स्थानों पर सामूहिक पूजा पंडाल लगाए गए हैं, जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एक रिपोर्ट–

***डालीगंज के झूलेलाल पार्क में पंद्रह हजार वर्ग फीट में वातानुकूलित और अग्निरोधी पंडाल अक्षरधाम मंदिर के रूप में तैयार किया गया है। चौक के पूजा पंडाल में 7 फीट ऊंची गणेश जी की इकोफ्रेंडली मैटीरियल से बनी मूर्ति स्थापित की गई है। निशातगंज का पंडाल शिवलिंग के आकार का है। इन पंडालों में भक्तों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर कल देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के साथ इस त्यौहार को मनाने और एक स्वच्छ, हरित तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में लोगों की सुख–समृद्धि और आरोग्यता की कामना की है।

प्रदेश के अमरोहा, फर्रुखाबाद और मेरठ सहित कई अन्य जिलों में गणेश उत्सव को लेकर विशेष उत्साह है।

**********

अयोध्या में बीस अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव और कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में वहां के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कल एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार का दीपोत्सव पिछले वर्षों की तुलना में और भी भव्य तथा ऐतिहासिक होगा।

**********

केंद्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं पर भंडार सीमा लागू कर दी है। यह सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं पर लागू होगी। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा तीन हजार मीट्रिक टन से घटाकर दो हजार मीट्रिक टन कर दी गई है। इसी प्रकार, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा आठ मीट्रिक टन की गई है।

**********

जम्मू कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भारी वर्षा के कारण कल हुए भूस्खलन में प्रदेश के एक युवक सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हैं। मृतक युवक सहित एक ही परिवार के घायल करीब आधा दर्जन सदस्य प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना मिलते ही प्रदेश सरकार में मंत्री और मुजफ्फरनगर के नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने रामलीला टिल्ला स्थित पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर अपनी संवेदना जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दुर्घटना पर दुख जताया है। इस बीच, मौसम को देखते हुए कल श्री माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई।

**********

प्रदेश में रुक रुक कर लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा, जबकि औरैया व काल्पी में यमुना तथा बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से सभी घाट जलमग्न हो गए हैं। वाराणसी में भी गंगा उफान पर है। इसके साथ ही सहायक नदी वरुणा का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस समय बाइस जिलों की तैंतालिस तहसीलें और सात सौ अड़सठ गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सभी प्रभावित स्थानों पर राहत एवं बचाव कार्य जारी हैं।

**********